हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 24 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

11 भूमिगत बिजली लाइन डालने के लिए तोड़ा नया सीसी रोड, एक सप्ताह पहले बनी थी सड़क


12 स्वास्थ्य विभाग चलाएगा टीकाकरण सप्ताह, ड्रॉपआउट बच्चों को मिलेगा सुरक्षा कवच


## खबर संक्षेप



### बुड़ोली से मोटर साइकिल चुरा ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गांव बुड़ोली से चोर युवक की मोटर साइकिल चोरी कर ले गए। बुड़ोली निवासी उदयभान ने खोल थाना पुलिस को ऑनलाइन माध्यम से की शिकायत में बताया कि उसने 21 जून को रात करीब 11:59 बजे अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। जब सुबह देखा तो वहां से मोटर साइकिल गायब थी। काफी तलाश करने पर भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### पाली से तीन दिन से युवक लापता

**रेवाड़ी।** जिले के गांव पाली से 18 वर्षीय छात्र लापता हो गया। गांव पाली निवासी कृष्ण ने कुंड चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके तीन लड़के है। सबसे बड़े बेटे कपिल ने इस वर्ष 12वीं पास की है। उसका बेटा कपिल 21 जून से घर से लापता है। सभी रिश्तेदारियो में पता करने पर भी कपिल का कोई पता नहीं चला है। उन्होंने अपने बेटे को किसी के छिपाने का संदेह जताया है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की है।

### नई अनाजमंडी में काम से आए युवक की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** नई अनाजमंडी में किसी काम से आए युवक की बाइक चोरी हो गई। गांच चांदावास निवासी महेश कुमार ने सेक्टर-3 चौकी पुलिस को बताया कि वह 22 जून को नई अनाजमंडी में किसी काम से आया था। सुबह करीब 9:55 बजे वह अपनी मोटर साइकिल को दुकान नंबर-69 के सामने खड़ी करके अंदर चला गया था। जब वह 10 मिनट बाद बाहर आया तो वहां से मोटर साइकिल गायब थी। इधर-उधर पूछताछ व तलाश करने पर जब बइाक नहीं मिली तो उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### गोकलगढ़ से ट्रैक्टर की ट्राली चुरा ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गांव गोकलगढ़ से चोर ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी कर ले गए। गोकलगढ़ निवासी जगत सिंह ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उसका मकान गांव गोकलगढ़ में कालूवास रोड पर है। 20 जून को उसने घर के बाहर ट्रॉली को खड़ा करके ट्रैक्टर को अपने घर के अंदर खड़ा किया था। जब 21 जून को सुबह बाहर आकर देखा तो ट्रैक्टर की ट्रॉली गायब थी। उसने गांव में लग सीसीटीवी कैमरे चैक किए तथा ट्रॉली की तलाश की, लेकिन ट्रॉली का कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### आश्रम एक्सप्रेस से युवती का लेपटॉप चोरी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर आश्रम एक्सप्रेस से चोर युवती का लेपटॉप चोरी कर ले गए। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बी 67 पर्ल रिगालिया ओल्ड मुहाना रोड जयपुर राजस्थान निवासी स्पंदिता शर्मा ने जीआपी को बताया कि वह 20 जून को रेलवे स्टेशन गुरुग्राम से जयपुर के लिए आश्रम एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रही थी। जब टेन शाम करीब 5 बजे रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी तो उसने अपना सामान चैक किया। इसी दौरान उसका लेपटॉप बैग गायब था। बैग में एचपी कंपनी का लेपटॉप था। काफी तलाश करने पर जब लेपटॉप नहीं मिला तो युवती ने जीआरपी को शिकायत दी। जीआरपी ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

---

शहर में जगह-जगह बने अनावश्यक कचरा प्वाइंट, सड़क पर कचरा डाल रहे लोग, नियमित नहीं हो रहा उठान

# शहर की सड़कों से लेकर ग्रीन बेल्ट पर लगे कचरे के ढेर, ऐसे कैसे इंदौर की तरह स्वच्छ बन पाएगा रेवाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

नगर परिषद की लापरवाही व सुस्त कार्यशैली के कारण लोगों को शहर में स्वच्छ वातावरण नहीं मिल पा रहा है। शहर के मुख्य मार्गों, कॉलोनियों व मोहल्लों की सड़कों से कचरे का नियमित उठान नहीं किया जा रहा है। वही मुख्य पार्कों में भी लोगों को कचरे के मौजूदगी में घूमना पड़ रहा है। शहर के बावल रोड, ब्रास मार्केट, भाड़ावास रोड, अनाजमंडी रोड, बाइपास, गढ़ी बोलनी रोड, नारनौल रोड, दिल्ली रोड व सरकुलर पर जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए है। यहां तक कि पार्कों के अंदर व बाहर भी कचरा डंपिंग यार्ड बनाया जा चुका है। शहर के नेहरू पार्क व रेजांगला पार्क के बाहर कचरे का जमावड़ा लगा हुआ है। इसके अलावा ब्रास मार्केट की लंबे समय से बदहाल स्थिति बनी हुई है। ब्रास मार्केट का तिकोना पार्क तो कचरा डंपिंग यार्ड बनाया जा चुका है। नगर परिषद की ओर से सफाई व्यवस्था पर बिल्कुल ध्यान दिया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार को विधायक व शहर के लोगों की ओर से शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन लोग सड़कों पर कचरा डालने से बाज नहीं आ रहे है और न ही नगर परिषद की ओर से सफाई व्यवस्था संभाली जा रही है।

ब्रास मार्केट में जगह-जगह कचरा डंपिंग यार्ड भी बना हुआ है। मार्केट में कई जगह कचरे के ढेर लगे हुए है। सरकुलर रोड से लगते ब्रास मार्केट मंज स्थित वीर सावरकर पार्क व नेहरू पार्क के सामने के तिकोना पार्क की हालत दयनीय बनी हुई है। वीर सावरकर पार्क की जगह-जगह से चारदीवारी टूट चुकी है। पार्क की टूटी चारदीवारी से गोवंश अंदर घुसकर और भी गंदगी फैला रहे है।





**रेवाड़ी।** भाड़ावास रोड पर लगा कचरे का ढेर, राजीव चौक के पास लगा कचरे का ढेर, अनाजमंडी की ग्रीन बेल्ट में जमा कचरा। फोटो :हरिभूमि



**रेवाड़ी।** अनाजमंडी के गेट पर लगा कचरे का ढेर। फोटो :हरिभूमि

#### ग्रीन बेल्ट बनी कचरा प्वाइंट

शहर के राजेश पायलट चौक, दिल्ली रोड, कोनसीवास रोड, बावल रोड पर राजीव चौक के पास, बाइपास व सरकुलर रोड सहित कॉलोनियों व मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर देखे जा सकते है। कचरा कलेक्शन न होने पर लोगों ने जगह-जगह अनावश्यक कचरा प्वाइंट बना लिए है। वर्तमान में अनाजमंडी रोड व बाइपास सहित कई स्थानों पर ग्रीन बेल्ट पर कचरा डाला जा रहा है। ग्रीन बेल्ट पर पॉलीथिन की भरमार हो चुकी है।

#### डंपिंग यार्ड में बाहर तक फैल रहा कचरा

राव तुलाराम पार्क के पास व अग्रसेन चौक के पास के डंपिंग यार्ड में बाहर तक कचरा फैला रहता है। इसके अलावा लियो चौक स्थित एमआरएफ सेंटर का भी यही हाल है। शहर के शौचालयों की भी सफाई नहीं की जा रही है। कचरा डंपिंग यार्ड में बाहर तक फैले कचरे के कारण वहां से गुजरने वाले व आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। डंपिंग यार्ड के कचरे में पूरे दिन गोवंश भी मुंह मारते रहते है, जिससे भी कचरा सड़क तक फैल रहा है।

---

# देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बावल

बावल थाना पुलिस ने गांव पनवाड निवासी एक व्यक्ति को देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव बिलाहेडी निवासी विक्रम के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव पनवाड निवासी हुकम सिंह गत 26 मार्च को अपने खेत में सरसों काटने जा रहा था। इस दौरान रास्ते में उसके गांव का नरेश उर्फ नरिया ट्रैक्टर पर आया और उसे देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर राजस्थान की तरफ भाग गया। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपी गांव पनवाड निवासी नरेश उर्फ नरिया व गांव टीकला निवासी बच्चू सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी नरेश उर्फ नरिया के कब्जे से एक देशी कट्टा भी बरामद किया था। आरोपियों से पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ था नरेश उर्फ नरिया ने अवैध देशी कट्टा गांव टीकला निवासी बच्चू सिंह से लिया था तथा बच्चू सिंह को हथियार राजस्थान के जिला अलवर के गांव बिलाहेडी निवासी विक्रम ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने रविवार को मामले में संलिप्त विक्रम को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में आरोपी विक्रम। फोटो :हरिभूमि

---

# ऑटो चोरी करने के मामले में दो आरोपी काबू

■ पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया ऑटो भी बरामद कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने ऑटो चोरी करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजस्थान के जिला खैरथल के गांव सतालका निवासी शक्ति व गांव आलमपुर निवासी मोहित के रूप में हुई है।

पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बिहार के जिला सारन के गांव मस्तिचक हाल किरायेदार नारायण विहार आंकेड़ा धारूहेड़ा निवासी अजित महतो ने गत 8-9 जून की रात को अपने ऑटो को अपने घर के पास गली में खड़ा किया था, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया है। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी यूपी के जिला एटा के गांव ईशारा हाल आबाद राजस्थान के भिवाड़ी के हनुमान नगर निवासी सोमेश को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया ऑटो भी बरामद कर लिया था। पुलिस की ओर से पूछताछ में आरोपी सोमेश ने बताया था की उसने यह ऑटो राजस्थान के जिला खैरथल के गांव आलमपुर निवासी मोहित से खरीदा था। मोहित ने उपरोक्त ऑटो को अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर नारायण विहार से चोरी किया था। पुलिस ने रविवार को मामले में संलिप्त दो और आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में ऑटो चोरी के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

---

# आधे घंटे की झमाझम बारिश से सुहाना हुआ मौसम सरकुलर रोड सहित सभी सड़कें जलमग्न, परेशानी

■ सोमवार शाम को आई बरसात से शहर में हर तरफ हुआ जलभराव, कपास व बाजरे की फसलों को मिला फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मानसून आने से पहले मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। सोमवार शाम को जिले के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश होने के बाद मौसम खुशगवार हो गया, जिससे भारी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिल गई। करीब 30 मिनट हुई तेज बरसात से शहर में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। शहर के सरकुलर रोड सहित अन्य सड़कों पर पानी एकत्रित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात से तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई।सोमवार सुबह से आसमान साफ रहा। दोपहर तक आसमान साफ होने के बाद तेज धूप निकली। हवा में नमी का स्तर 87 फीसदी तक होने के कारण दोपहर के समय उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 36 डिग्री पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी बढ़ते ही धूप निकलने के बाद लोगों के पसीने छूटने शुरू हो गए। शाम के समय आसमान में बरसात के बादल गहरा गए, जिससे कई इलाकों में झमाझम बरसात हुई। बरसात के बाद मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के अंत तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के बीच बार-बार हल्की या मध्यम बरसात हो सकती है। बरसात के बाद एक बार फिर शहर में जल निकासी के पुख्ता प्रबंध तार-तार नजर आए। बारिश के कारण नालों से पानी छलककर सड़कों पर एकत्रित हो गया। इससे वाहन चालकों से लेकर पैदल चलने वाले लोगों तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नाईवाली चौक, ब्रास मार्केट, अनाजमंडी, बावल रोड, डबल फाटक अंडरपास, नई आबादी व मॉडल टाउन सहित शहर के कई इलाकों मे बरसाती पानी एकत्रित हो गया। कमला पैलेस के पीछे जमा पानी में कार तक डूब गई। बरसात से बड़ा तालाब स्थित हुनमान मंदिर के पास व मंदिर के अंदर जलभराव हो गया। पिछली बरसात में भी मंदिर में काफी पानी भर गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई प्रबंध नहीं किए।




**रेवाड़ी।** बरसात के पानी से जलमग्न बावल की सड़क, **रेवाड़ी।** बरसात के पानी से जलमग्न सरकुलर रोड। फोटो :हरिभूमि




**रेवाड़ी।** बरसात के पानी से जलमग्न बावल रोड, बड़ा तालाब हनुमान मंदिर में भरा बरसात का पानी। फोटो :हरिभूमि

#### फसलों के लिए अनूकल बना मौसम

जिले के किसानों ने जून माह के शुरू में ही बाजरे की बिजाई कर दी थी। बाजरा की फसल को पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है। किसान नलकूपों की सिंचाई से फसल बचाने में लगे हुए थे। बरसात से बाजरा और कपास दोनों फसलों को फायदा मिला है। बरसात के बाद बिजली की खपत में भी कमी आने का अनुमान है। इससे लोगों को पावर कटों से भी राहत मिलेगी।

#### बावल में सड़कें बनी तालाब, खोली प्रशासन की पोल

सोमवार को हुई बारिश से बावल कस्बे की सडकें तालाब में तब्दील हो गई। पिछले कई दिनों से बरसात की तैयारियों में जुटे प्रशासन के दावे फेल नजर आए। बावल न्यायिक परिसर के सामने व थाने में जलभराव हो गया। अंबेडकर चौक से मेन बाजार से पानी से लबालब भरा नजर आया। दोपहिया वाहन चालकों को जलभराव से भारी परेशानी उठानी पड़ी। अधिकारी पिछले 15 दिनों से लगातार नालों की सफाई की बात कर रहे है, लेकिन नाले तो साफ नहीं हुए, मगर बरसात ने उनके आदेश जरूर साफ कर दिए।

---

# मकान का ताला तोड़कर आभूषण व कैश चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गांव खालेटा स्थित मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों के आभूषण व कैश चोरी कर ले गए। परिवार मकान को बंद करके बाहर गया हुआ था। गांव खालेटा निवासी अभय सिंह ने खोल थाना पुलिस को बताया कि 16 जून को वे अपनी पत्नी सुरेश देवी के साथ अपने लड़के कुलदीप सिंह के पास टपूकड़ा राजस्थान गए हुए थे। 22 जून शाम को जब घर पर आए मकान के सभी कमरों के ताले टूटे हुऐ थे और सामान बिखरा पडा था। जब उन्होंने सामान की जांच की तो सूटकेश में रखे 52500 रुपये तथा जेवरात में तीन जेंट्स सोने की अंगूठी, एक लेडिज अंगूठी, 1 सोने की चेन, 1 जोड़ी सोने की झुमकी सोना व 4 जोड़ी चांदी की पायजेब गायब थे, जिनकी कीमत करीब 4 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### गांव गया था परिवार, पीछे से मकान से आभूषण व सामान चुरा ले गए चोर

**रेवाड़ी।** बावल रोड बिठवाना स्थित बीपीएल कॉलोनी के एक मकान से चोरी हो गई। चोर मकान से सोने के आभूषण, नकदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए। ऋषि प्रकाश ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूलरुप से गांव लुखी कोसली का रहने वाला है और फिलहाल गांव बिठवाना स्थित बीपीएल कॉलोनी में मकान बनाकर रह रहा है। उसने बताया कि वह एक सप्ताह से अपने परिवार के साथ गांव लुखी गया हुआ था। 22 जून को सुबह 6 बजे जब व ड्यूटी से अपने घर आया तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। जब वह मकान के अंदर गया तो सारा सामान बिखरा पडा हुआ था। जब उसने सामन की जांच की तो एक सोने की चेन, 2 सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायजेब, 2 चांदी की चुटकी, 2 चांदी के सिक्के, एक ट्रॉली बैंग, एक सेविंग मशीन व 30 हजार रुपये कैश गायब मिला। इसके बाद उसने पुलिस को चोरी की शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा 30 से

**कोसली।** सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के निदेशक कर्नल के संदीप ने बताया कि चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, भिवानी और रेवाड़ी जिले के उम्मीदवारों की अग्निवीर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक होगी। कर्नल ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के जितने भी पंजीकृत अभ्यार्थी हैं, वे अपना एडमिट कार्ड सेना की वेबसाइट ज्वाइनइंडियनआर्मी.एनआईसी.इन से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र का नाम, पता, रिपोर्टिंग तिथि और समय संबंधी जानकारी एडमिट कार्ड में दर्ज है। परीक्षा के दिन अभ्यार्थी अपने सभी अनिवार्य मूल दस्तावेज साथ लेकर जाए। परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।



बहुत सी वर्किंग वूमेन को खुद से यह शिकायत रहती है कि पूरी मेहनत से काम करने के बाद भी उनको न अच्छा रिजल्ट मिलता है और न ही उनके पास टाइम बचता है। वास्तव में इसकी वजह वर्किंग स्टाइल का मिसमैनेजमेंट होता है। अगर कुछ बातों को अमल में लाएं तो आप स्मार्ट वर्किंग वूमेन बन सकती हैं।

# तब आप बन जाएंगी स्मार्ट वर्किंग वूमेन

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

रागिनी इस बात से परेशान रहती है कि उसे अपने बिजी रूटीन में पल भर भी चैन से गुजारने की फुर्सत नहीं मिल पाती। इसके बावजूद वह घरेलू कामों में अपनी मां की मदद भी नहीं कर पाती है। उधर वर्कप्लेस पर सुबह से शाम तक लगातार काम में जुटे रहने के बाद भी उसका कोई न कोई ऑफिसियल वर्क पेंडिंग रह ही जाता है। हमेशा काम में उलझी रहने की वजह से वह अपने पर्सनल जरूरी काम भी लगातार टालती रहती है। इस बारे में एक बार जब उसने अपनी मां से डिस्कशन किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटी तू व्यस्त कम, अस्त-व्यस्त ज्यादा रहती है।' अपनी मां की बात सुनकर रागिनी गंभीरता से अपने वर्किंग स्टाइल पर सोचने लगी कि आखिर उससे मिस्टेक कहां होती है? रागिनी की तरह ही कई वर्किंग वूमेन के साथ ऐसा होता है कि वे हमेशा काम में बिजी रहती हैं। ना इन्हें खाने-पीने की सुध होती है, ना मनोरंजन के लिए वक्त मिलता है। इन्हें ठीक से नींद भी नहीं आती और फ्रेंड सर्कल के साथ भी टाइम नहीं बिता पाती हैं। इसके बावजूद इनकी मेहनत का मनचाहा या बहुत बढ़िया रिजल्ट भी नहीं मिलता है। बल्कि पेंडिंग या सही तरीके से न किए गए वर्क की वजह से अकसर बॉस से डांट पड़ती है। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि ओवर बिजी होने और स्मार्ट वर्किंग पर्सन होने में फर्क होता है। गैरजरूरी व्यस्तता से बचने और हर काम को स्मार्टली करने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

## हर पल है कीमती

स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनने के लिए अपने समय के हर पल का हिसाब रखना जरूरी है। आप अपना समय किन कामों में लगा रही हैं, आपको पता होना चाहिए। टाइम ट्रैकिंग ही बताएगी कि आप अपने टाइम को बर्बाद कर रही हैं या इसका सही यूज कर रही हैं। इसके लिए प्रियॉरिटी के आधार पर निश्चित समय पर जरूरी काम करने की आदत डालें। आलस्य और टालमटोल की आदत से दूर रहें। 'टाइम मैनेजमेंट' किताब में लिखा है कि आपको कर्मठता के साथ काम करने में समय का निवेश सही तरीके से करना चाहिए ताकि इसका बेहतर रिटर्न हासिल हो सके।

### अनावश्यक बातें ना करें

**हर काम** का एक वक्त होता है। जब आप किसी जरूरी ऑफिसियल प्रोजेक्ट पर काम कर रही हों तो उस दौरान कुलीग्स से बातचीत करने में समय नष्ट न करें। गॉसिप, हंसी-मजाक आदि तभी करें, जब आपके पास स्पेयर टाइम हो। आप पब्लिक ट्रांसपोर्ट या पूल कार से ट्रैवलिंग के दौरान या फिर ऑफिस आवर्स खत्म होने के बाद ही पर्सनल बातें या गॉसिपिंग कर सकती हैं।





## एंज्वॉय करें वर्क

काम ऑफिस का हो या पर्सनल, जब आप बोझिल मन से उसे करती हैं तो एकाग्रता की कमी के कारण आपको उसे करने में ज्यादा समय लगता है। आधे-अधूरे मन से काम करने से गलती होने की आशंका रहती है। इसलिए गलती सुधारने के लिए एक ही काम को दो या तीन बार भी करना पड़ जाता है। वहीं अगर काम को एंज्वॉय करते हुए करेंगी तो काम ईजी लगेगा, सही होगा और कुछ जल्दी भी हो जाएगा। हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू सजेस्ट करता है कि इसके लिए काम के पुराने तरीकों में थोड़े-थोड़े बदलाव करती रहें। कोई काम चुनौतीपूर्ण लगे तो उसे कागज पर लिख लें, चुनौतियों को नोट कर लें और एक-एक कर उन्हें दूर करती चलें। इसमें आपको मजा आने लगेगा और कॉन्फिडेंस भी बढ़ता जाएगा।

## रिलैक्स करें माइंड

जहां तक संभव हो दिन की शुरुआत और अंत हल्का और रिलैक्स्ड करना चाहिए। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अपने मन को सुकून देना बहुत जरूरी होता है। इस समय का इस्तेमाल काम करने के लिए नहीं बल्कि यह प्लान करने के लिए करें कि आपको अपना आज या कल का दिन किन कामों में इस्तेमाल करना है और कौन-सा काम कब करेंगे? इस दौरान आपको कई क्रिएटिव आइडियाज भी आएंगे, जो आपको प्रोडक्टिव बनाएंगे। अगर आप संगीत सुनना पसंद करती हैं तो रिलैक्स होने के लिए फेवरेट म्यूजिक या सॉन्ग सुन सकती हैं।

## मेंटल ट्रैप से बचें

अगर अपने ऑफिस वर्क के दौरान बिल्कुल समय ही नहीं बचता तो गौर करें कि उस दौरान कहीं आप यूजलेस वर्क करने, दूसरों को सपोर्ट देने में या गॉसिपिंग में तो टाइम वेस्ट नहीं करती हैं? 'ऑफ द क्लॉक' पुस्तक की लेखिका लॉरा वेंडरकैम इसे मेंटल ट्रैप कहती हैं। वह सलाह देती हैं, 'आपका समय ऐसी चीजों या काम में लगना चाहिए, जो आपको आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक लाभ दे और आपको रचनात्मक रूप से संतुष्ट भी रखे।'

कहने का सार है कि स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनना बहुत टफ नहीं है। इसके लिए केवल आपको अपने वर्क को स्मार्टली मैनेज करना आना चाहिए।

# संयम और समझदारी से करें अपमानजनक स्थितियों का सामना

घर-परिवार, रिश्तेदारी, आस-पड़ोस या कार्यस्थल पर कई बार कोई व्यक्ति हमें अपमानित कर देता है, मन को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोल देता है। ऐसे में तुरंत प्रतिक्रिया करने या जैसे को तैसा जवाब देने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। ऐसा आप कैसे कर सकती हैं, यहां बता रहे हैं।

सेल्फ मोटिवेशन

**मोनिका शर्मा**



अब पछताए होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत। यह कहावत जानने भर की नहीं मानने-समझने योग्य भी है। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब आपके मान को ठेस पहुंची हो। किसी ने दिल दुखाया हो। जान-बूझकर कमतर आंकने का खेल खेला हो। दरअसल, अपमानित होने की स्थिति में इंसान कुछ भी कर गुजरता है। आपराधिक घटनाओं से लेकर अभद्र व्यवहार तक कर जाने के ऐसे मामले आए दिन सुर्खियां बनते हैं। अधिकतर घटनाओं में बात केवल शांत मन से ठहर कर सोचने भर की होती है। असल में मन को ठेस पहुंचने की स्थिति में सोचने-समझने की सुध-बुध ही खो जाती है। मन को दुखाते ऐसे अवसरों पर जरा ठहरने में ही समझदारी है।

**अपनी मनःस्थिति को समझिए:** अपमानजनक परिस्थितियों में सबसे पहले तो अपनी मनःस्थिति को समझना और संभालना जरूरी होता है। भावनात्मक रूप से उन शब्दों से मत जुड़िए, जो आपका मन दुखाने के इरादे से ही कहे गए हैं। इरादतन मन को चोट पहुंचाने के लिए किए गए व्यवहार को दिल से मत लगाइए। अपने मन-मस्तिष्क को यह समझाना जरूरी है कि कोई भी दुर्भाव भरी बात आपके पूरे व्यक्तित्व पर प्रश्न खड़ा नहीं कर सकती। आपकी वैचारिक समझ को सवालों के घेरे में नहीं ला सकती है। ऐसे में आपको लेकर की गई नकारात्मक टिप्पणी या असभ्य बात को एक शब्द या वाक्य भर मानें। यह स्वीकार्यता स्वयं अपनी मनःस्थिति को समझे बिना संभव नहीं। ध्यान रहे कि अपने मन को समझ कर ही ऐसी उलझन भरी स्थिति में अपने आप को ऐसी समझाइश दी जा सकती है। यह समझाइश ही तनाव और आहत मन से खुद को निकालने में मददगार हो सकती है।



**दूसरे पक्ष को भी समझिए:** कई बार आपको भला-बुरा या अपमानजनक शब्द कह डालने वाला इंसान खुद ही उलझाऊ मनोभावों से घिरा होता है। किसी ना किसी तरह की पीड़ा या परेशानी उसे भी घेरे होती है। ऐसे लोग बाद में पछताते हैं। अपने बर्ताव के लिए बाद में माफी भी मांगते हैं पर अपमानित किए जाने की पीड़ा व्यक्ति के मन में घर बना चुकी होती है। इसके चलते सामने वाले इंसान को समझे बिना उसे और बड़ी चोट पहुंचाने का रास्ता चुन लिया जाता है। लाजिमी भी है क्योंकि कभी-कभी दूसरे लोगों का बर्ताव और शब्द इंसान के मन में बहुत परेशान करने वाली भावनाएं पैदा कर देते हैं। ऐसे में यह सोच पाना संभव नहीं कि अगले इंसान का दिलो-दिमाग भी दुख-तकलीफ या किसी तरह के असहनीय तनाव के हालात का शिकार हो सकता है। इसीलिए दूसरे इंसान के पक्ष को जानना-समझना भी आवश्यक है। ऐसे में अगर आप स्वयं को समझा पाने में असफल महसूस करें तो किसी आत्मीय मित्र से सारी बात साझा करें। वह आपके मनोव्यक्तित्व को जानकर स्थितियों को समझने में आपकी मदद करेगा। इससे आपको अपने भीतर के द्वंद्व से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

**ठहराव को चुनिए:** यह सच है कि अपमानजनक स्थिति का सामना करते समय खुद को संयत रखना मुश्किल होता है। मन में आक्रोश उमड़ने लगता है पर स्थिति को बहुत बिगड़ने से रोकने के लिए, थोड़ा ठहर जाना चाहिए। कभी-कभी ऐसी स्थिति में बहस या जवाब-तलब करने के बजाय चुप रह जाना ही अच्छा होता है। संभव हो तो ऐसी स्थिति को हंसकर टालने की राह ही चुनें। इस बर्ताव से होने वाले नुकसान को समझें। पल भर के आक्रोश के खामियाजे समझने का भाव ठहराव की ओर ले जाता है। जिंदगी में शांति और सुकून के लिए यह जरूरी है।



अब वो जमाने लद गए, जब बहू के आते ही घर में क्लेश शुरू हो जाता था। आज की बहू पारंपरिक सोच से उबरकर नई सोच और ऊर्जा लेकर नए घर में आती है, जिसमें हर रिश्ते के लिए होता है भरपूर प्रेम, स्नेह और सम्मान।

# नई सोच-ऊर्जा लेकर आती है आज की बहू

रिश्ते

**यशोधरा भटनागर**

पार्क में शीला जी को देख एकाएक मैं चौंक गई। नए फैशन का सलवार-सूट और पैरों में महंगे स्कैचर्स। उन्हें देखकर अच्छा भी लगा और थोड़ी कुढ़न भी हुई। 'क्या बात है बहुत खुश और बदली-बदली लग रही हो?' मेरे पूछने पर वे मुस्कुराईं और धीरे से बोलीं, 'नई बहू जो आ गई है।'

'अच्छा तो यह बात है। घर-बार उस बेचारी को सौंप तुम मजे कर रही हो।' आखिरकार मैंने अपने मन की बात को बाहर निकाल ही दिया। इस पर वह तुरंत बोल पड़ीं, 'नहीं! नहीं! प्रिया ने मुझे सिखाया कि मेरी अपनी भी जिंदगी है। सबके लिए अपना ख्याल रखना भी जरूरी है। मुझे लैपटॉप, मोबाइल फोन और बहुत कुछ उसने सिखा दिया है। बहू नहीं मेरी सहेली है। चलती हूं, प्रिया ऑफिस से लौटने वाली होगी। आज हमारा शॉपिंग के लिए जाने का प्लान है।' घड़ी की ओर देखती शीला जी अपने घर की ओर चल दीं। मैं उन्हें जाते देखते सोचती रह गई।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जब किसी की बेटी घर में बहू बनकर जाती है, तो वह एक साथ कई भूमिकाएं लेकर आती है। बहू केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि वह पूरे घर को प्रेम, ऊर्जा और उम्मीद से भर देती है।

### ससुर को देती है पिता जैसा स्नेह

**केवल सास** ही नहीं, ससुर की देखभाल में भी आज की बहुएं कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। उन्हें टाइम पर दवाइयां देना, उन्हें डॉक्टर के पास ले जाना, पार्क में टहलने ले जाना, उनके संग डिस्कशन करना, उनकी मनपसंद डिशेज बनाकर खिलाना, उनके बैंक के काम ऑनलाइन करवाने में मदद करना जैसे कई काम वे खूब उत्साह से करती हैं। ससुर को लगता है जैसे बहु के रूप में उन्हें एक और बेटी मिल गई है।



**समझती-निभाती है अपनी जिम्मेदारियां:** समय के साथ हर रिश्ते में स्त्रियों ने अपनी भूमिका को समझा है और उससे जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाती भी हैं। आज के दौर में बहू के रूप में आने वाली बेटियां, उच्च शिक्षा प्राप्त होती हैं, आत्मनिर्भर होती हैं और तकनीकी रूप से सक्षम भी होती हैं। वे जानती हैं कि उन्हें सिर्फ रोटियां ही नहीं बेलनी, रिश्तों को भी संजोना है, संवारना है। वे घर की चहारदीवारी में सीमित नहीं रहती हैं, बल्कि घर से बाहर की जिम्मेदारियां भी उतनी ही सजगता से निभा रही हैं।

**सास की बन जाती है सखी:** आज की बहू सास के खिलाफ साजिश या उनसे बहस नहीं बल्कि दोस्ती करती है। वह सास को व्हाट्सएप ऑपरेट करना सिखाती है, फेसबुक पर अकाउंट बनवाती है, उन्हें टेक्नोस्मार्ट बनाती है।

**हर परिस्थिति में रहती है सहज:** नए दौर की बहू बहुत समझदारी से हर कंडीशन को हैंडल करना जानती है। समस्या की घड़ी हो या कोई आकस्मिक परिस्थिति, वह घबराती नहीं है। धैर्य के साथ सहज होकर वह उचित निर्णय लेती है। घर के हर फैसले में अपनी भागीदारी निभाती है, और जरूरत पड़ने पर पूरे परिवार को संभालती है।

**यही होती है उसकी अपेक्षा:** अगर हम बहू को सम्मान, स्वतंत्रता और स्नेह देंगे, तो वह और भी तन्मयता से घर को संजोने में खुद को अर्पित कर देगी। वह बस इतना चाहती है कि उसे समझा जाए, सराहा जाए और स्वीकार किया जाए।

फैशन ट्रेंड

**ललिता गोयल**

# तब आप दिखेंगी स्टाइलिश-अट्रैक्टिव



जब मौसम बदलता है तो न केवल ड्रेसअप, फैशन ट्रेंड भी बदल जाता है। हालांकि कई जगहों पर बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी बनी हुई है। ऐसे में हर महिला कुछ ऐसा पहनना चाहती है, जो हल्का और सुकून देने वाला तो हो ही, साथ ही कूल और स्टाइलिश लुक भी दे।

**फैशन के साथ कंफर्ट भी:** उमस वाली गर्मी में फैशन और कंफर्ट का सही बैलेंस बनाए रखने के लिए लाइट, ब्रीदेबल और ट्रेंडी फैब्रिक वाली ड्रेस पहननी चाहिए। इससे आपका लुक कूल और क्लासी भी लगेगा। गर्मी में कॉटन के अलावा रेयॉन, सिल्क, ऑर्गेंजा सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन, लिनेन जैसे फैब्रिक को आप अपनी वार्डरोब में जगह दे सकती हैं। इन फैब्रिक की साड़ियों से लेकर सूट और वेस्टर्न अटायर तक बेहतरीन लगते हैं। गर्मी में फ्लावरी प्रिंट की लंबी ड्रेस, वन शोल्डर मिडी ड्रेस, रफल ड्रेस, स्ट्रेपी मैक्सी ड्रेस विद लिनेन जैकेट शॉर्ट्स और टॉप या जंपसूट भी बहुत अच्छे लगते हैं। स्लीवलेस कॉटन मिडी इस सीजन में कूल-क्लासी लुक देते हैं। अगर आप अपने समर लुक में फ्रेशनेस और एलिगेंस चाहती हैं, तो ब्लू और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट वन पीस परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह आपको कूल और फ्रेश लुक देगी।

**आउटफिट कलर:** मौसम के हिसाब से फैब्रिक का सही कलर चुनना जरूरी होता है। गर्मी में आपको न्यूट्रल कलर की ड्रेस पहननी चाहिए। वैसे तो व्हाइट कलर इस सीजन के लिए बेस्ट कलर माना जाता है। इसके अलावा आप लाइट ग्रीन, यलो, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, टरक्वायज ब्लू, बेज या ग्रे कलर भी चुन सकती हैं।



**स्टाइलिश सनग्लासेस-हैट्स:** इस सीजन में घर से बाहर निकलते समय स्टाइलिश सनग्लासेस और हैट पहनने से न सिर्फ धूप से बचाव होता है, बल्कि ये आपको स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये दोनों ही चीजें आपके ओवरऑल लुक में एक्स्ट्रा स्टाइल एड करती हैं।

**एसेसरीज-मेकअप हो सुटेबल:** उमस भरी गर्मी के दिनों में लाइट वेट ज्वेलरी कैरी करनी चाहिए। यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपको एलिगेंट लुक देती है। गर्मी में पेस्टल कलर की ज्वेलरी जैसे सॉफ्ट पिंक, कोरल, सिल्वर ज्वेलरी, कलरफुल बीड्स की फंकी ज्वेलरी स्टाइलिश और कूल लुक देती है। इसके अलावा एसेसरीज में स्टड ईयररिंग्स, पर्ल ड्रॉप ईयररिंग, कोरल ब्रेसलेट, फूल-पत्तियों के पैटर्न वाले नेकपीस शामिल कर सकती हैं। इस सीजन में लाइट मेकअप ही करें।

**(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन

**डॉ. नीता सिंह**
सीनियर प्रोफेसर-गायनेकोलॉजी
एम्स, नई दिल्ली

प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर होता है। लेकिन जब यह कंट्रोल से बाहर होने लगे और साथ में अन्य समस्याएं भी होने लगें तो लापरवाही न करें। ऐसे में क्या करें, डिटेल में बता रहे हैं।

# अगर प्रेग्नेंसी के दौरान होने लगे हाई ब्लड प्रेशर



प्रेग्नेंसी में आमतौर पर 20वें से लेकर 24वें सप्ताह से गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ना शुरू हो जाता है, जिसे जेस्टेशनल हाइपरटेंशन या प्रेग्नेंसी इंड्यूस हाइपरटेंशन कहा जाता है। यानी, महिला को गर्भावस्था से पहले ब्लड प्रेशर की शिकायत नहीं होती, लेकिन गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद उसे हाई ब्लड प्रेशर हो जाता है। इसकी वैल्यू 140/90 मिमी एचजी को पार कर सकती है। डॉक्टर इसकी रीडिंग कम से कम 6 घंटे के अंतराल पर दिन में दो बार करते हैं। हाई ब्लड प्रेशर होने पर यूटरस में प्लेसेंटा के माध्यम से बच्चे में जाने वाला ब्लड सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पाती। इसकी वजह से बच्चे में ऑक्सीजन और पौष्टिक तत्वों की आपूर्ति कम मात्रा में होती है। इस वजह से बच्चे के जन्म के समय लो बर्थ रेट, बच्चे का विकास समुचित नहीं होता, बच्चा कमजोर पैदा हो सकता है।

**क्या है प्री-एक्लेंपसिया:** जब गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं हो पाता है, तो उसके विभिन्न अंग प्रभावित हो सकते हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, किडनी खराब होना जिससे यूरिन में प्रोटीन और यूरिया आने की समस्या शुरू हो जाती है। इस स्थिति को प्री-एक्लेंपसिया कहा जाता है। 24 घंटे में महिला के शरीर से यूरिन में 2 ग्राम से अधिक प्रोटीन निकलने लगता है। प्री-एक्लेंपसिया में मां के यूटरस से प्लेसेंटा अलग हो सकता है, प्लेसेंटल एब्रप्शन, यूटेरस में ब्लीडिंग या फिर प्री-टर्म डिलीवरी हो सकती है।

**तब कंडीशन हो जाती है सीरियस:** प्री-एक्लेंपसिया के लक्षण पहचाने न जाने और उचित उपचार न हो पाने पर एक्लेंपसिया की स्थिति आ सकती है। इसमें गर्भवती महिला को दौरे या फिट्स आने लगते हैं, जिसे एक्लेंपिक फिट कहा जाता है। ये दौरे काफी गंभीर होते हैं, जिसमें उसे मिर्गी के दौरे के समान बहुत जोर-जोर से झटके आने लगते हैं। झटकों के साथ महिला के शरीर में बदलाव होने से गर्भ में पल रहे बच्चे में ब्लड सप्लाई बंद हो सकती है। कई महिलाएं झटकों को संभाल नहीं पातीं, गिर जाती हैं। ऐसे में बहुत तेज झटकों के कारण महिला-बच्चे दोनों की मौत हो सकती है। ब्लड प्रेशर और फिट्स कंट्रोल करने के लिए समुचित मेडिसिन देकर उनका उपचार संभव हो जाता है।

### इन्हें होता है ज्यादा रिस्क

- जिस महिला की पहली प्रेग्नेंसी हो।
- मां की आयु 20 साल से कम या 35 साल से अधिक हो।
- गर्भ में पल रहे बच्चे जुड़वां हों।
- प्रेग्नेंसी आइवीएफ से हो।
- मां अगर स्मोकिंग या दूसरे ड्रग्स लेती हो।
- गर्भावस्था के पहले से ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां हों, मोटापा हो, पहली प्रेग्नेंसी में हाई ब्लड प्रेशर रहा हो या इसकी फैमिली हिस्ट्री हो।

**प्रमुख लक्षण:** प्रेग्नेंसी के दौरान अगर महिला यहां बताए जा रहे लक्षण महसूस करती है तो बिना देर किए डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे- बीपी बढ़ना, 10-15 दिन में 2-3 किलो वजन बढ़ना, हाथ-पैरों या शरीर के किसी भी अंग में सूजन आना, चक्कर आना, जी घबराना, उल्टी आना, आंखों से धुंधला दिखना, सिर दर्द होना।

**क्या है उपचार:** एक्लेंपसिया के उपचार की प्रक्रिया में ब्लड प्रेशर को एंटी-हाइपरटेंसिव मेडिसिन पेशेंट को देकर तुरंत कंट्रोल करना पड़ता है। एक्लेंपसिया के लिए मरीज को इंजेक्शन के माध्यम से भी दवा देते हैं। इसमें समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है।

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

**खबर संक्षेप**


रेवाड़ी। कार्यालय में डा. खोला को सम्मानित करते एलआईसी अधिकारी।

### नई बीमा सखियों ने संभाला गांवों का कार्यभार

**रेवाड़ी।** जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति महत्वाकांक्षी योजना बीमा सखी योजना के अंतर्गत नियुक्त नई बीमा सखियों ने अपने-अपने गांवों में कार्यभार संभाल लिया है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा जागरूकता बढ़ाना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। सोमवार को एलआईसी के सीनियर ब्रांच मैनेजर राजीव धीगड़ा ने डा. सतीश खोला सम्मानित कर बीमा सखी योजना में दिए गए योगदान के लिए सराहना की। रेवाड़ी योजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में अग्रणी रहा है और बीमा सखी कार्यक्रम को देश भर में कई मंचों पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम की निरंतर सफलता को देखते हुए एलआईसी अधिकारियों ने पीपीपी कोऑर्डिनेटर का आभार व्यक्त किया। योजना के तहत मुकेश अहमदपुर, प्रीति अहमदपुर, अनूप कुमारी ढाणी शोभा, रजनी देवी रेवाड़ी, रितु बलवाड़ी, शिवानी गुप्ता मूल्यानवाड़ा, हिमांशी नया गांव, वंदना पहाड़ी, दीपा रेवाड़ी व संतोष रेवाड़ी ने काम शुरू किया है।



### पौधरोप कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रेवाड़ी।** जिले के गांव पीथड़ावास में सोमवार को युवाओं ने पौधारोपण करके पर्यावरण संक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण कार्यक्रम युवा सुमित कुमार के जन्मदिन पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रीति यादव ने कहा कि अन्य युवाओं को भी सुमित से प्रेरणा लेकर अपने जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आकर पौधा रोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर बरसात के मौसम में सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी अमृत कुमार, मोनिका, साहिल व नेहा यादव उपस्थित थे।

# भूमिगत बिजली लाइन डालने के लिए तोड़ा नया सीसी रोड, एक सप्ताह पहले बनी थी सड़क

## खासापुरा मोहल्ला में बिना परमिशन के डाली गई सीवरेज लाइन, सड़क तोड़ने पर मकानों में आई दरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी/धारूहेड़ा

नगरपालिका की ओर से धारूहेड़ा कस्बे की फिरनी में हाल ही में नई सड़क बनाई गई है। इस सड़क को अभी बने हुए करीब एक सप्ताह ही हुआ है और बिजली निगम ने नगर पालिका के आग्रह पर कस्बे की बिजली की लाइन को भूमिगत करने के लिए नई सड़क को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। नगरपालिका ने कस्बे में बिजली लाइन को भूमिगत करने के लिए बिजली निगम का एक करोड़ 45 लाख रुपये की राशि बिजली दी है। दो विभागों में तालमेल की कमी के कारण अब नई सड़क तोड़ी जा रही है, जिससे सरकार के पैसे की बर्बादी हो रही है। लोगों का कहना है कि नगरपालिका को चाहिए था कि वह सड़क को बिजली लाइन का कार्य होने पर बनाना शुरू करती, लेकिन विभाग जब सड़क निर्माण हो जाता है तभी दूसरा काम शुरू करके सड़क तो तोड़ देता है, जिससे पैसे की बर्बादी होती है। बिजली निगम के ठेकेदार ने कहा कि नगरपालिका को 15 दिन बाद सड़क बनानी चाहिए थी या बिजली निगम को भूमिगत लाइन को पहले डालनी चाहिए थी। कस्बे लोगों के लोगों ने कहा कि नपा ने जल्दबाजी में सरकार की धनराशि खर्च की है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो के लिए करोड़ों रुपये का बजट है, लेकिन कार्य शुरू करने से पहले योजना नहीं तैयार की जाती है, जिससे नई सड़कें तोड़ दी जाती है और लोगों की परेशानी बढ़ाने के साथ पैसा बर्बाद किया जाता है।




रेवाड़ी। धारूहेड़ा में भूमिगत बिजली लाइन के लिए सड़क तोड़ता कर्मचारी व धारूहेड़ा में भूमिगत बिजली लाइन के लिए तोड़ी गई नई सड़क व खासापुरा मोहल्ले में बिना परमिशन के डाली गई सीवर लाइन। फोटो :हरिभूमि

कस्बे के लोगों ने सरकार से आग्रह किया है कि इस मामले में दखलंदाजी करके लोगों के टैक्स के पैसे की बबार्दी को रोके। कस्बे के लोगों ने सीसी रोड बनाने से पहले नपा चेयरमैन से इंटर लॉकिंग रोड बनाने का आग्रह किया था, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई।

#### बिना परमिशन के सड़क तोड़कर डाली सीवन लाइन

दूसरी तरफ शहर के खासा मोहल्ला में बिना परमिशन के गली की सड़क को तोड़कर सीवरेज लाइन बिछाई जा रही है। मोहल्ले के लोगों ने सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय पहुंचकर शिकायत देकर कार्य को रुकवाने की मांग की। खासापुरा मोहल्ला निवासी पवन कुमार ने बताया कि मोहल्ले में मकानों के बीच 3 फीट की गली है, जिसमें बड़े हैमर लगाकर गली को तोड़ दिया गया। गली तोड़कर एक व्यक्ति की ओर से अवैध रूप से सीवरेज लाइन दबाई जा रही है, जिससे उनके मकानों में दरार आ गई। गली तोड़ने वालों ने नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग से कोई परमिशन भी नहीं ले ली है। महिला मीना ने बताया कि उनके घर के सामने अपनी मर्जी से अवैध तौर पर सीवरेज चेंबर बना दिया गया है। विभाग के अधिकारी भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मकान में दरारें आ गई हैं। विभाग को व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। सुशीला ने बताया कि जब वे जनस्वास्थ्य विभाग में शिकायत लेकर पहुंचे तो उन्हें कोई अधिकारी नहीं मिला, लेकिन एससी कार्यालय में कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने एससी कार्यालय में शिकायत दी है। महिला ने कहा कि अगर 2 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो वीरवार को समाधान शिविर में डीसी को शिकायत दी जाएगी।

#### अभी फाइल पास नहीं हुई: जेई

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई नवीन यादव ने बताया कि व्यक्ति ने लाइन दबाने के लिए आवेदन तो किया था, लेकिन उसकी फाइल अभी तक पास नहीं हुई है। मामले को लेकर मौके का निरीक्षण करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


रेवाड़ी। खासापुरा में तोड़ी गई सड़क व बनाया गया सीवर चेंबर।

# सरकारी अस्पताल बनाने को लेकर एक सप्ताह से चल रहा धरना, ग्रामीण बोले सरकार कर रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में 200 बेड अस्पताल संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया। धरने पर रोजाना राजनैतिक दलों, संगठनों व क्षेत्र वासियों का सहयोग मिल रहा है। घरने पर भारी संख्या में महिलाएं, नौजवान व बुजुर्ग शामिल हो रहे हैं। संघर्ष कमेटी की ओर से 29 जून को सुबह 10 बजे महापंचायत का भी आयोजन किया जाएगा। सोमवार को धरने पर पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव ने भी अपना समर्थन दिया। सभी ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की वादा खिलाफी पर रोष जताया। ग्रामीणों ने कहा कि भगवानपुर रामगढ़ की जमीन हॉस्पिटल के लिए सबसे उपयुक्त है, जो की नए बस स्टैंड के बिल्कुल नजदीक है तथा जमीन शहर की आबादी के 70 प्रतिशत और 60-65 गांव के बीच में है। गांव से इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी भी पास है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। पर्यावरण जागरूकता अभियान समिति के सभी पदाधिकारियों की बैठक मॉडल टाउन शिव चौक स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह खोला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के जिला महासचिव हरिन्द्र यादव, महासचिव बिजेंद्र खोला, सेक्रेटरी डा. योगेश यादव, सचिव सुबेदार सुरेश यादव, सचिव महेश यादव, एडवोकेट राजेश यादव, बीआर यादव व अनिश यादव उपस्थित थे।



रेवाड़ी। धरना स्थल पर ग्रामीणों को संबोधित करते सतीश यादव व धरना स्थल पर मौजूद पर्यावरण जागरूकता अभियान समिति के सदस्य।

# खाटू श्याम के लिए जुलाई में शुरू होंगी दो स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से खाटू श्याम धाम के श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाडी-रींगस-रेवाड़ी एवं जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09637 रेवाडी-रींगस स्पेशल ट्रेन 5 जुलाई, 6,10, 12,13, 19, 20, 21, 24, 26 व 27 जुलाई को रेवाड़ी से सुबह 11:45 बजे रवाना होकर दोपहर 2:45 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09638 रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 5 जुलाई, 6,10, 12,13, 19, 20, 21, 24, 26 व 27 जुलाई को रींगस दोपहर बाद 3:05 बजे रवाना होकर शाम 6:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 8 साधारण श्रेणी एवं गार्ड श्रेणी के 2 डिब्बों सहित कुल 10 डिब्बे होंगे। यह ट्रेन कुंड, काठूवास, अटेली, नारनौल, अमरपुर जोरासी, निजामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट व श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 09733 जयपुर-भिवानी स्पेशल रेलसेवा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक

#### जयपुर से सुबह 7 बजे रवाना होकर दोपहर 2:20 बजे भिवानी पहुंचेगी तथा

गाड़ी संख्या 09734 भिवानी-जयपुर रेलसेवा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक भिवानी से शाम 4.05 बजे रवाना होकर रात 11:25 बजे जयपुर पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 9 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बे होंगे। यह ट्रेन ढेहर का बालाजी, नीदर बैनाड, चौमू सामोद, गोविंदगढ़, मलिकपुर, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, कोसली, झाडली व चरखी दादरी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।



### दो समितियों ने ईंट-भट्ठों पर जरूरतमंदों को राशन और कपड़े किए वितरित

**कोसली।** आम जन विकास सेवा समिति एवं मन्गौरी देवी माता मंदिर सेवा समिति की ओर से सोमवार को नाहड़ के ईंट-भट्ठों पर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को कपड़े व राशन वितरित किया गया। मन्गौरी सेवा समिति अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने बताया कि समिति की ओर से पिछले दस वर्षो से अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे है तथा जरूरतमंद लोगों की मदद की जा रही है। आमजन विकास सेवा समिति अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि संस्था की ओर से दानदाताओं के सहयोग से सामाजिक कार्य किए जा रहे है। समिति के सदस्य समाजसेवी संदीप कुमार व उप सचिव शिवनारायण पूनिया झाल ने कहा कि सभी गर्मी के मौसम में अपने घरों की छत पर पक्षियों के लिए दाना और पानी का प्रबंध करें। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से कोसली व झाड़ली रेलवे स्टेशन पर गर्मी में आमजन प्याऊ चलाई जा रही है।

# नाहड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रृद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गांव नाहड़ में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

भाजपा स्वच्छता अभियान के जिला सह संयोजक प्रेमप्रकाश ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए सिर्फ राष्ट्र सर्वोपरि था। इसलिए उन्होंने सत्ता का त्याग कर देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। कश्मीर को बचाने के लिए उन्होंने एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, दो संविधान नही चलेंगे का नारा बुलंद किया तथा स्वतंत्र भारत का पहला राष्ट्रवादी आंदोलन छेड़ा था। वह एक भारतीय राजनीतिज्ञ, बैरिस्टर, महान शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। वे भारत की स्वतंत्रता के बाद पहले वाणिज्य और उद्योग मंत्री बने तथा भारतीय राष्ट्रवाद और हिंदू सांस्कृतिक पहचान के भी प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से कानून और कला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। 1923 में वह इंग्लैंड गए और 1926 में बैरिस्टर-एट-ला बने। 1953 में वह जम्मू और कश्मीर में बिना परमिट के प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिए गए तथा वहां रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई। इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा, पिंकी यादव, हरिओम यादव, रामपाल यादव, प्रताप, सुरेश शर्मा, नवीन कुमार, उमेद सिंह, सत्यदेव सिंह, प्रिंस यादव व महावीर उपस्थित थे।


रेवाड़ी। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते भाजपा कार्यकर्ता।

### बिजली उपभोक्ताओं के लिए अदालत आज

*नारनौल। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष बिजली अदालत का आयोजन 24 जून को सर्कल कार्यालय सिंघाना रोड में किया जाएगा। अधीक्षक अभियंता जोगेंद्र हुड्डा ने बताया कि बिजली अदालत सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक संचालित की जाएगी।*

**सार्वजनिक सूचना**

**नये सफाई कर्मचारी की नियुक्ति बारे**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मामड़िया आसमपुर, खण्ड खोल, जिला रेवाड़ी में नए सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है। इस रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक 24.06.2025 से 29.06.2025 तक ग्राम पंचायत मामड़िया आसमपुर में जमा करवा सकता है। जिसका साक्षात्कार दिनांक 30.06.2025 को खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी कार्यालय खोल में प्रात: 11:30 बजे होगा।

संदीप शर्मा
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी खोल
जिला रेवाड़ी (हरियाणा)

**सूचना**

मैं, No.13867985YY Ex NK (MT) हवा सिंह पुत्र श्री रतीराम निवासी ग्राम मुंडाहेड़ा तह मातनहेल जिला झज्जर हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे लड़के का नाम मेरे सर्विस रिकार्ड में वेदपाल सिंह व जन्म तिथि 29.11.1983 दर्ज है। जबकि उसका सही व दुरुस्त नाम वेदपाल व सही जन्म तिथि 10.01.1984 है जो कि उसके मैट्रिक सार्टिफिकेट, आधार व पैन कार्ड में भी दर्ज है। दोनों नाम व जन्म तिथि मेरे एक व उसी लड़के के हैं। यह सूचना मेरे सर्विस रिकार्ड में लड़के का सही नाम व जन्मतिथि दर्ज कराने के लिए है।

# शहर को गंदगीमुक्त तथा जलभराव जैसी समस्या से निजात दिलाने के लिए उचित कदम उठाए अधिकारी : लक्ष्मण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि रेवाड़ी को साफ-सुथरा, स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उनके ध्येय को लेकर कोई भी बाधा आड़े नहीं आनी चाहिए। विकास के साथ-साथ शहर को गंदगीमुक्त तथा जलभराव जैसी समस्या के निजात को दिलाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। मानसून सिर पर है, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते विधायक लक्ष्मण सिंह।

विधायक लक्ष्मण सिंह सोमवार को रेवाड़ी से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं आगामी परियोजनाओं को लेकर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में नगर परिषद, मार्केट कमेटी, पंचायती राज तथा जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी सफाई अभियान से जुड़ी रोको-टोको टीम नगर परिषद के अधिकारियों के साथ-साथ विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करेगी तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि शहर की सभी समस्याओं के समाधान को लेकर विभागीय अधिकारी आपसी तालमेल बैठाकर तमाम योजनाओं एवं कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। नियमित साफ-सफाई, कचरे का निस्तारीकरण, नालों की साफ-सफाई, जलभराव जैसी समस्याओं के साथ-साथ जो भी विकास कार्य कराए जाने हैं, उन्हें तय समय सीमा में पूरे कराए।

# पुलिस ने डॉग स्क्वॉयड के साथ चलाया सर्च ऑपरेशन



**धारूहेड़ा।** सोमवार को धारूहेड़ा थाना पुलिस, डॉग स्क्वॉयड व कमांडों के जवानों ने संयुक्त रूप धारूहेड़ा क्षेत्र की सहगल कॉलोनी, गरीब नगर व टाउन पार्क के पास सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों और संदिग्ध स्थानों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी लेकर उनके पहचान पत्र भी जांचे। अभियान के तहत पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की व वाहनों के कागजातों की भी जांच की।

धारूहेड़ा थाना प्रबंधक निरीक्षक जगदीश चंद ने कहा कि पुलिस की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने के लिए सर्च अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में पुलिस की टीमें सर्च अभियान चलाकर संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

**कार्यालय- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, धारूहेडा, (स्थित मसानी)**

Email ID: BDPO Dharuhera@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत काठूवास, कसौला, पांचौर, सांपली घटाल महनियावास और अलावलपुर में सफाई कर्मचारी के पद रिक्त हो गए है। इनमें सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करने हेतु दिनांक 24.06.2025 से 30.06.2025 तक आवेदन ग्राम पंचायतों के सरपंचों के पास जमा करवा सकते है। जो कि दिनांक 02.07.2025 को कमेटी द्वारा आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाएगा।

सुमन सरपंच काठूवास- 8708019828, अर्चना यादव सरपंच सांपली- 9416248556, सविता सरपंच घटाल महनियावास-6377765473 अनिता कसाना सरपंच कसौला- 9355875176, अशोक सरपंच पांचौर- 9996342777, उषा रानी, सरपंच अलावलपुर-8168606257

हस्ता/-खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, धारूहेडा।

जिले में 28 जून तक किया जा रहा विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन, खसरा और रूबेला के टीकों से बच्चें होंगे स्वस्थ और सुरक्षित

# स्वास्थ्य विभाग चलाएगा टीकाकरण सप्ताह ड्रॉपआउट बच्चों को मिलेगा सुरक्षा कवच



टीमें घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करेगी

डीसी अभिषेक मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से जन स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में पहल करते हुए प्रदेश भर सहित रेवाड़ी जिले में 28 जून तक विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। टीकाकरण सप्ताह का मुख्य उद्देश्य जिले के ऐसे सभी बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करना है, जो किसी कारणवश अब तक टीके लगवाने से वंचित रह गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीके से वंचित बच्चों का टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि टीकाकरण अभियान विशेष रूप से ड्रॉपआउट (जिन्होंने टीकाकरण शुरू तो किया पर अधूरा छोड़ दिया) और लेफ्टआउट (जो टीकाकरण से बिल्कुल छूट गए) ऐसे बच्चों पर केंद्रित है। टीकाकरण के माध्यम से बच्चों को खसरा-रूबेला, पोलियो, डिप्थीरिया, पोलियो, टिटनेस, गलघोटू, काली खांसी, निमोनिया, हेपेटाइटिस-बी, खसरा, रोटा वायरस दस्त, टीबी-तपेदिक व मेनिनजाइटिस जैसी घातक और जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। डीसी ने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही इस प्रकार के अभियानों का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करेगी और उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। डीसी ने कहा कि नागरिक अपने बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए समय पर सभी जरूरी टीके अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि खसरा-रूबेला के दो टीकों से बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित बनाया जा सकता है। इस अभियान को सफल बनाने में आशा वर्करों, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, जो समुदाय स्तर पर लोगों को जागरूक करेंगे और उन्हें टीकाकरण केंद्रों तक लेकर आएंगे। डीसी ने बताया इस अभियान के तहत डिजिटल टीकाकरण प्रमाण-पत्र की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए यू-विन ऐप का उपयोग किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए नागरिक अपने क्षेत्र की आशा वर्कर, एएनएम या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी ले सकते हैं। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष टीकाकरण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया है।





रेवाड़ी। बच्चें का टीका लगाते हुए स्वास्थ्यकर्मी व बच्ची को टीका लगाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि

## यूविन पोर्टल से डाउनलोड कर सकते सर्टिफिकेट

सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया ने बताया कि अभियान के तहत शिविर में बच्चों को खसरा और रूबेला से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे। बच्चों के वैक्सीन सर्टिफिकेट को केंद्र सरकार के यूविन पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा तथा बच्चे के अभिभावक को एक यूनीक आईडी नंबर दिया जाएगा। उसके जरिये बच्चों के अभिभावक वैक्सीन सर्टिफिकेट भी यूविन पोर्टल पर जाकर डाउनलोड कर सकेंगे।

## सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चलाया जाएगा अभियान

सीएमओ डा. दहिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जाने वाले टीकाकरण अभियान में सभी वंचित बच्चों को कवर किया जाएगा। इस विशेष अभियान में बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा। यह टीकाकरण गर्भवती के गर्भ में पल रहे बच्चे व गर्भवती महिला दोनों की कई तरह की बीमारियों से रक्षा करता है। टीकाकरण जिले के सभी अस्पतालों सहित प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी किया जाएगा।

---

कर्मचारी नेता कैलाश चंद ने ट्रंप के पुतले में आग लगाई

# अमेरिका के ईरान पर किए गए सैन्य हमले का विरोध, एसयूसीआई ने फूंका ट्रंप का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसयूसीआई कम्युनिस्ट की ओर से सोमवार को शहर के राव तुलाराम पार्क में अमेरिकन साम्राज्यवाद के खिलाफ प्रदर्शन कर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका। कर्मचारी नेता कैलाश चंद ने ट्रंप के पुतले में आग लगाई। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में काफी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने ईरान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद की ओर से किए गए बर्बर सैन्य हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन किया गया है, यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की चेतावनियों को भी नजर अंदाज किया गया और शांतिप्रिय विश्व जनमत का तिरस्कार किया गया है। कॉमरेड ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवादी दरिंदों ने पहले मध्य पूर्व में अपने फ्रंट ऑफिस जायोनी इजरायल को गाजा में नरसंहार करने के लिए उकसाया और लाखों निर्दोष व असहाय फिलिस्तीनियों को मार डाला और अब ईरान पर अकारण घातक सैन्य हमला किया है ताकि ईरान उनके हुक्म के आगे झुक जाए, लेकिन ईरान के लोगों की ओर से किए गए बहादुराना प्रतिरोध से इस घिनौनी साजिश को नाकाम किया जा रहा है। इजरायल की ओर से किए गए सैन्य हमले से ईरान को काबू में करने में विफल होने के बाद, अमेरिका ने अब सीधे ईरान पर हमला कर दिया है। उन्होंने अमेरिकी साम्राज्यवादियों से ईरान पर किए गए सैन्य हमले को तुरंत रोकने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यह हमला केवल ईरान पर नहीं, बल्कि पूरी मानवजाति पर हमला है और यह विश्व शांति के खिलाफ है।




रेवाड़ी। राव तुलाराम पार्क में डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंकते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ये मौजूद रहे**

*इस मौके पर अमर सिंह राजपुरा, रामकुमार निमोठ, राकेश कुमार, अजय सिंह, सुरेंद्र रोहिला, अमित सिंह, कृष्णा देवी, संतोष देवी, राजेश, नरेश कुमार, हरिओम रिटायर्ड मुख्याध्यापक व मोहिंद्र सिंह सहित अनेक नागरिक मौजूद थे।*

---

उपायुक्त ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं

# जन शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण रखें अधिकारी : अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला प्रशासन की ओर से सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन कर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सोमवार को डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में शहरवासियों की ओर से शहर के नालों की नियमित सफाई न होने की समस्या रखी गई। डीसी ने नगर परिषद के अधिकारियों को नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम कही भी जलभराव की समस्या न आए, इसके लिए विभाग तत्काल कार्यवाही करें। डीसी मीणा ने कहा कि अधिकारी जन शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए शिकायतों का निवारण कराएं। जन समस्याओं का समाधान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आईं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई कर लोगों को राहत पहुंचाएं। सोमवार को जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में बिजली, पानी, सड़क, फैमिली आईडी, पेंशन, अतिक्रमण व आधार कार्ड सहित अनेक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। लंबित रहीं शिकायतों पर जल्द कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी एवं डीएमसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेंद्र सिंह व सीटीएम प्रीति रावत सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी व एसपी। फोटो : हरिभूमि

---



रेवाड़ी। डा. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

# श्यामा प्रसाद का जीवन राष्ट्रवाद सेवा और समर्पण का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एचपीपीए के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला के सेक्टर-1 स्थित कार्यालय पर सोमवार को जनसंघ के संस्थापक सदस्य डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस मौके पर डा. खोला ने कहा कि डा. मुखर्जी ने पार्टी की स्थापना में सम्पूर्ण योगदान दिया तथा अंत्योदय की योजनाओं के निर्माण और भाजपा के संविधान के प्रारूप को गढ़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डा. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रवाद, सेवा और समर्पण का प्रतीक है और उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर मनोज कुमार, सुमन, राकेश कुमार, अजय, सुल्तान सिंह, जसवंत सिंह, अनिल कुमार, हेमराज, सुरेश कुमार, जिले सिंह, राजाराम, विद्या, मनीष, निर्मला, सुनीता, पूनम, मंजू, गीता देवी, उमेद सिंह, राम अवतार, धर्मवीर, मदनलाल, पूजा व वीर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

डीएससी वर्ग से हटाकर ओएससी में शामिल करने की मांग की

# डीएससी समाज ने मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



रेवाड़ी। विधायक लक्ष्मण सिंह को ज्ञापन सौंपते डीएससी समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीएससी कमेटी की ओर से सोमवार को डीएससी प्रधान रामौतार पचेरवाल की अध्यक्षता में कोसली विधायक अनिल डहीना तथा रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर डीएससी प्रधान ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण करके डीएससी समाज को अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है, लेकिन समाज के लोग अपना जाति प्रमाण पत्र मेघवाल जाति के नाम पर बनवाकर डीएससी वर्ग के हक की नौकरियों को हड़पना चाहते हैं, जिससे डीएससी समाज में काफी रोष है। उन्होंने मेघवाल जाति को डीएससी वर्ग से हटाकर ओएससी में शामिल करने की मांग की। इस अवसर पर कृष्ण बिड़लान, अजय, रामनिवास, वेदप्रकाश बनवाल, दयाराम, राजकुमार, राजेंद्र सिंह, राकेश सोलंकी, परविंदर किराड़, देशराज, सुरेंद्र सोलंकी व महक सिंह सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

---

## सिंचाई विभाग की टीम पर हमला करने में शामिल पांच और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने सिंचाई विभाग की टीम पर हमला करने के मामले में पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांव रोहड़ाई निवासी मनोज कुमार, बंटी, श्रीभगवान, जगबीर व कर्मबीर उर्फ टोली को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 18 जून को सिंचाई विभाग की झज्जर से आई टीम में शामिल बेलदार रवि ने अपनी शिकायत में बताया था कि उन्हें पता चला था कि गांव रोहड़ाई की सीमा में पाइप लगाकर नहरी पानी की चोरी की जा रही है। वह अपने साथी कर्मचारी ललित, देवेन्द्र, हिमांश व दिनेश के साथ मौके पर पहुंचे तो गांव के पास कुछ लोग आरएलसी नहर में पाइप डालकर पानी चोरी कर रहे थे। जब कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो लोगों ने उन पर हमला कर दिया और उनके फोन तोड़ दिए। कर्मचारी जान बचाकर भागे तो लोग उन्हे मारने के लिए पीछे दौड़ पड़े। सभी कर्मचारी गांव पाल्हावास के पास पहुंचे तो उनका पीछा करते हुए वहां 10-12 लोग आ गए और कर्मचारियों के साथ मार-पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले में संलिप्त एक आरोपी आशीष को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

---



रेवाड़ी। डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यकर्ता।

# डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी को बलिदान दिवस पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राष्ट्र भक्त व प्रखर शिक्षाविद डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। युवा पार्षद राहुल जोशी ने अन्य लोगों के साथ जनसंघ संस्थापक को याद किया। शहर के मेन बाजार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डा. मुखर्जी को श्रृद्धांजलि अर्पित की। पार्षद ने सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके जीवन चरित्र को अपने अंदर ढालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को सींचने में डा. मुखर्जी का योगदान अतुलनीय है। कश्मीर को लेकर किए गए उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। धारा 370 हटने के बाद आज कश्मीर पुनः अपने नए रंग में लौटने लगा है। इस मौके पर नगरपालिका उप चेयरमैन अजय जांगड़ा, मंडल महामंत्री नानक चंद खोला, महेन्द्र तायल, सरदार भगत सिंह, वीरेंद्र शर्मा, अतर सिंह व गुड्डू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## सेलून पर एसी ठीक करने गए कंपनी इंजीनियर के साथ मारपीट, पुलिस कर रही जांच

**रेवाड़ी।** कंपनी से सेलून पर एसी ठीक करने गए कर्मचारी के साथ मारपीट हो गई। गांव कायमपुर जौखावास जिला अलवर राजस्थान निवासी रोहित यादव ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने मामा कृष्ण कुमार के पास खेड़ा आलमपुर में रहता है और हिताची एसी कंपनी में फील्ड इंजीनियर है। उसे 19 जून को कंपनी की ओर से एसी खराब होने की कंपलैंड मिली थी कि पोसवाल चौक स्थित सुनील हेयर सेलून का एसी खराब है। जब वह सेलून पर पहुंचा तो वहां के कारीगरों ने सेलून मालिक सुनील को बुलाया। सुनील ने आते ही गुस्से में कहा कि एसी ठीक कर दे नहीं तो जान से मार दूंगा। उसने जब कहा कि ठीक कर रहा हूं आप गुस्सा क्यों कर रहे हो। इतना कहते सुनील ने इंजीनियर के थप्पड़ मार दिया तथा सेलून का शटर बंद करके उसके साथ के 5-6 लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

रोहित ने आरोप लगाया कि उन्होंने उसका मोबाइल छीन लिया और उससे जबरदस्ती लिखवाया कि वह सेलून में चोरी करने के ईरादे से आया था और उसके गल्ले से 5000 रुपये निकाले थे। उसके बाद वे इंजीनयर को जबरदस्ती सेलून के पीछे मकान में ले गए और वहां पर उसके साथ मारपीट की तथा पुलिस में शिकायत न देने की धमकी दी। मारपीट में उसे काफी चोटें आई। उसके बाद वह ईलाज के लिए अस्पताल में दाखिल हुआ। इसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने जब सेलून पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो युवक मारपीट करते नजर आए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

**अभियान** एसपी ने कहा कि नियमित साफ-सफाई से कार्यस्थल बेहतर होता है

# पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान, जवानों ने की साफ-सफाई

- स्वच्छता सिर्फ सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस प्रशासन की ओर से सोमवार को सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जिला पुलिस लाइन परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साफ सफाई से न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है, बल्कि इससे मनुष्य का मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिसर एक सकारात्मक माहौल तैयार करता है जो कार्य कुशलता को भी बढाता है, जिससे काम करने की क्षमता भी बढ़ती है। एसपी ने कहा कि सभी को समय-समय पर श्रमदान करना चाहिए। एसपी ने कहा कि नियमित साफ-सफाई से कार्यस्थल बेहतर होता है और यह अनुशासन एवं जिम्मेदारी का प्रतीक भी बनता है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ समाज को यह संदेश देना है कि स्वच्छता सिर्फ सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें। एसपी ने जिला के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखना आपका दायित्व है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अति आवश्यक है, इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपना अहम योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर इस तरह के अभियान आगे भी जारी रखे जाएंगे।





रेवाड़ी। पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाते पुलिस के जवान व पुलिस लाइन से खरपतवार एकत्रित करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

---

## आरपीएस की अक्षिता ने किक बॉक्सिंग में जीता सिल्वर

**रेवाड़ी।** इंडोर स्टेडियम हरियाणा स्टेट स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स फरीदाबाद में चल रही हरियाणा राज्य किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में धारूहेड़ा की अक्षिता ने 7-9 आयु भार वर्ग में रजत पदक हासिल करके अपने परिवार, स्कूल और इलाके का नाम रोशन किया है। अक्षिता आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल धारूहेड़ा की छात्रा है। उसने अपने कोच के पास कड़ी मेहनत की और हरियाणा राज्य किक बॉक्सिंग में रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्कूल की चेयरमैन डा. पवित्रा राव, प्रिंसिपल और स्टाफ ने अक्षिता को बधाई दी।



रेवाड़ी। अपने कोच के साथ अक्षिता।